'एडवोकेट', श्री कानपुर नगर
272. सतीश महाना, श्री कानपुर नगर
273. सत्यदेव पचौरी, श्री कानपुर नगर
274. सत्य प्रकाश अग्रवाल
(कैलाश डेरी वाले), श्री मेरठ
275. सत्यवीर मुन्ना, श्री इलाहाबाद
276. सन्त प्रसाद, श्री गोरखपुर
277. सन्तराम कुशवाहा, श्री जालौन
278. सलिल विश्नोई, श्री कानपुर नगर
279. सिनोद कुमार शाक्य (दीपू), श्री बदायूं
280. सिबगतुल्ला अंसारी, श्री गाजीपुर
281. सियाराम सागर, डा0 बरेली
282. सुखदेव प्रसाद वर्मा, श्री फतेहपुर
283. सुदामा प्रसाद, श्री महराजगंज
284. सुदेश शर्मा, श्री गाजियाबाद
285. सुधाकर, श्री मऊ
286. सुधीर कुमार, श्री उन्नाव
287. सुनील कुमार लाला, श्री लखीमपुर खीरी
288. सुब्बा राम, श्री गाजीपुर
289. सुभाष पासी, श्री गाजीपुर
290. सुरेन्द्र विक्रम सिंह, श्री रायबरेली
291. सुरेन्द्र सिंह पटेल, श्री वाराणसी
292. सुरेश कुमार खन्ना, श्री शाहजहांपुर
293. सुल्तान बेग, श्री बरेली
294. सूरज पाल सिंह, श्री आगरा
295. सैय्यदा शादाब फातिमा, श्रीमती गाजीपुर
296. सोबरन सिंह यादव, श्री मैनपुरी
297. स्वामी प्रसाद मौर्य, श्री कुशीनगर
298. हरविन्दर कुमार साहनी उर्फ
रोमी साहनी, श्री लखीमपुर खीरी
299. हेमराज वर्मा, श्री पीलीभीत

नोट :–मुख्य मंत्री (श्री अखिलेश यादव), पिछड़ा वर्ग कल्याण तथा विकलांग जन विकास मंत्री (श्री अम्बिका चौधरी), चिकित्सा एवं स्वास्थ्य, परिवार कल्याण, मातृ एवं शिशु कल्याण मंत्री (श्री अहमद हसन), कारागार मंत्री (श्री बलराम यादव) तथा राजनैतिक पेंशन मंत्री (श्री राजेन्द्र चौधरी) भी सदन में उपस्थित थे।

राष्ट्रीय–गीत

श्री अध्यक्ष–

शुभारम्भ, 'वन्दे मातरम्'।

वन्दे मातरम्

वन्दे मातरम्। वन्दे मातरम्।।
सुजलाम्।
सुफलाम्।
मलयज शीतलाम्।
शस्य श्यामलाम्।
मातरम्। वन्दे मातरम्।।
शुभ्र–ज्योत्सना–पुलकित–यामिनीम्
फुल्ल–कुसुमित–द्रुमदल–शोभिनीम्
सुहासिनीम्
सुमधुर भाषिणीम्
सुखदाम्
वरदाम्
मातरम्। वन्दे मातरम्।।

भारत के पूर्व राष्ट्रपति डा0 ए0पी0जे0 अब्दुल कलाम के निधन पर शोकोद्गार

श्री अध्यक्ष–

निधन के निर्देश।

मुख्य मंत्री (श्री अखिलेश यादव)–

आदरणीय अध्यक्ष महोदय, मैं आपको धन्यवाद देना चाहता हूं कि जहां आपने मुझे बोलने का मौका दिया वहीं भारत के 11वें राष्ट्रपति रहे डा0 ए0पी0जे0 अब्दुल कलाम साहब को याद करने का भी आज मौका दिया है। डा0 ए0पी0जे0 अब्दुल कलाम जब देश के 11वें राष्ट्रपति बने मुझे उससे पहले भी उनसे एक बार मिलने का मौका मिला था। आदरणीय नेता जी, श्री मुलायम सिंह यादव जी जब डिफेंस मिनिस्टर थे तो डिफेंस मिनिस्टर के नाते वह उड़ीसा में मिसाइल टेस्टिंग रेंज में गये थे और उस समय उनके साथ मुझे जाने का मौका मिला। उस समय मैं पहली बार डा0 ए0पी0जे0 अब्दुल कलाम साहब से मिला था। वैसे तो कई बार जब वह राष्ट्रपति थे और मुझे लोक सभा में एज ए सांसद के रूप में रहने का मौका मिला था तब भी कई बार मिला हूं। उनके व्यक्तित्व के बारे में और उनके बारे में मैं इतना कह सकता हूं कि वह देश के सबसे लोकप्रिय राष्ट्रपति रहे और मैं कुछ बातें इसलिए शुरूआत कर रहा था कि मेरा उनसे जो परिचय

था वह नेता जी के साथ था, नेता जी के साथ भी बहुत दिन उन्होंने काम किया। जो देश ने उन्हें मौका दिया, उससे जब नाम आया कि राष्ट्रपति कौन बनेगा, तो हमारे समाजवादी लोग जितने बैठे हुए हैं सब जानते होंगे ए0पी0जे0 कलाम साहब का नेता जी ने ही नाम रखा और एन0डी0ए0 के जितने भी सहयोगी दल थे, सहमति बनी और देश के वह राष्ट्रपति बने। मुझे याद है कि जब मैं पहली बार उनसे मिलने गया था, नेता जी ने मुझसे फोन पर कहा कि जाओ उन्हें बधाई देकर के आओ, क्योंकि परिणाम आ चुका था कि वह देश के राष्ट्रपति बन गये। मैं जब वहां जाने के लिए तैयारी कर रहा था, उस समय मुझे महसूस हुआ कि जाने कितने लोग होंगे जो बधाई देने जायेंगे। तो मैंने सोचा लाइन में न लगना पड़े मुझे, हो सकता है लम्बी लाइन हो वहां पर, तो मैंने अपनी पार्टी के नेता को फोन किया, वो हाल में सदस्य दूसरे सदन के बन गये हैं, मैंने कहा जब लाइन में लग कर बधाई देनी पड़ेगी तो मेरे साथ कोई न कोई हो जो कम से कम मेरे साथ खड़ा हो सके, मुझे भी संकोच न लगे कि मैं लाइन में खड़ा हूं, लेकिन जब मैं घर पहुंचा था बधाई देने शाम के वक्त साढ़े छः सात बजे कोई व्यक्ति उनके घर पर नहीं था, केवल प्रोटोकाल के लिए सिर्फ इन्तजार हो रहा था, राज्य सभा की जो स्पीकर थी उस समय चेयरमैन थीं नजमा हेपतुल्ला जी वह थीं, उन्होंने बधाई दी, मैंने भी बधाई दी और नेता जी की तरफ से भी बधाई दी उनको। तो मेरे कहने का मतलब है कि जब मैं गया था बधाई देने, तो बहुत कम लोग थे और जब देश में चले गये हमारे बीच, केवल अपने देश के शीर्ष पर बैठे हुए लोगों के साथ–साथ दुनिया के लोगों ने उन्हें पहचान दी, जहां भारत ने यह कहा कि लोगों के राष्ट्रपति हैं, प्रधानमंत्री, राष्ट्रपति और जितने भी सम्मानित लोग हैं उन्होंने कहा कि इनसे लोकप्रिय कभी कोई आया नहीं और कहां से निकल कर के आये, एक गरीब परिवार के घर से निकल कर के आये, उनके पिता जी थोड़ा–बहुत कमाते थे नाव चला करके, मस्जिद में नमाज भी पढ़ाया करते थे और खुद उन्होंने अखबार बांटा, छोटी सी दुकान पर भी बैठकर के वह अपना समय लोगों से बातचीत कर के गुजारते थे। एक छोटे से गांव भारत के किस कोने से निकल कर के वह देश के राष्ट्रपति बने और उन्होंने अपनी मेहनत, अपने परिश्रम, अपनी बुद्धि से और जो गॉड गिफ्टेड उनके अन्दर टैलेन्ट था, जिसके तहत वह पढ़ाई में तो आगे रहे ही और मिसाईल मैन के नाम से भी जाना गया। देश का सबसे बड़ा सम्मान भी उन्हें मिला, भारत–रत्न। जहां वह वैज्ञानिक थे वहां उन्हें भारत रत्न से भी सम्मान मिला और ऐसे प्रिय अब्दुल कलाम साहब से कई बार मुझे मिलने का मौका मिला। अभी हाल ही में कुछ दिन पहले उनका पत्र मेरे पास आया था और उन्होंनें पत्र लिख करके जो भेजा था, उस पत्र में कहा कि मैं उत्तर प्रदेश में आना चाहता हूं और प्रेजेन्टेशन करूंगा। मेरे मन में कुछ बातें हैं, इच्छा है मेरी कि वह बातें रखी जायं बिन्दुवार और उन्होंने प्रेजेन्टेशन के लिए तैयारी की, मैंने भी उनको तुरन्त समय दिया और वह जब यहां आये तो उत्तर प्रदेश के विकास के लिए बहुत चिन्तित थे और उन्होंने कहा कि देश का विकास तभी सम्भव है जब उत्तर प्रदेश का विकास होगा, क्योंकि आबादी सबसे ज्यादा यहां पर है। उन्होंने 09 बिन्दुओं पर प्रेजेन्टेशन किया, क्योंकि वह हिन्दी कम जानते थे और मुझे याद है हिन्दी के बारे में जब एक बार नेता जी ने उनसे कहा कि आप हिन्दी क्यों नहीं सीखते, तो हिन्दी थोड़ी बहुत सीखी और जब सैफई में वह आये, हमारे गांव में नेता जी

के बुलाने पर जब वह सैफई में आये, तो उन्होंने कहा नेता जी से कि नेता जी जब तक आप रहे तब तक मैंने हिन्दी सीखी और आप डिफेन्स मिनिस्टर से हट गये तो मैंने भी हिन्दी सीखना बन्द कर दी। हिन्दी में बोले थे ये बातें, तो हिन्दी कम जानते थे, लेकिन उसके बाद उन्होंने अंग्रेजी में जो प्रेजेन्टेशन किया था। उन 9 बिन्दुओं को मैंने अखबार में भी छपवाया था, उन्होंने जो कहा था, उनकी प्रेजेन्टेशन के जो बिन्दु थे, मैं केवल वे बिन्दु पढ़ दूं क्योंकि वे अंग्रेजी में थे और मैंने कोशिश की है कि मैं उनको हिन्दी में उतार लूं। उन्होंने पहला बिन्दु रखा था शुद्ध पेयजल का प्रावधान करने का कि शुद्ध पेयजल का, साफ पानी का इंतजाम कैसे हो सके पूरे गांवों में और शहरों में। उनका एक बिन्दु था कि स्टेट ड्रिकिंग वॉटर मिशन बनना चाहिये। दूसरा बिन्दु, उन्होंने कहा ग्रामीण नेताओं की आगामी पीढ़ी को तैयार करना। ट्रांसफॉर्मिंग विलेज यूथ लीडरशिप कि गांवों में नेतृत्व हर क्षेत्र में निकले, केवल राजनीति में नहीं और क्षेत्रों में भी लीडरशिप निकलनी चाहिये। हर बिन्दु जो उन्होंने रखा हम लोगों के सामने और उन्होंने कहा कि यू0पी0 को एक इनर्जी मिशन बनाना चाहिये और उत्तर प्रदेश ये कैसे बने, हाउ टू मेक यू0पी0 एज ए एनर्जी सरप्लस स्टेट और जितने सोर्सेज हैं एनर्जी के, उन सब सोर्सेज पर काम होना चाहिये। चाहे वह कोयले से बनने वाली एनर्जी हो, न्यूक्लियर हो, सोलर हो। उन्होंने सोलर एनर्जी पर बहुत कुछ कहा और उन्होंने उस दिन बताया भी कि जब उनके बड़े भाई जिनसे उन्हें बहुत लगाव था, उन्होंने मांगा कि मेरे गांव में, मेरे घर पर बिजली नहीं है तो डा0 ए0पी0जे0 अब्दुल कलाम साहब ने मुझे बताया कि उन्होंने उनके लिये सोलर पैनल का इंतजाम किया था जिससे उन्हें 24 घण्टे बिजली उपलब्ध हो जाती थी। उन्होंने उस समय कहा कि बिजली का कोई ऐसा इंतजाम कीजिये गांव में कि गांव–गांव सोलर पैनल्स हों और जहां पर सरकार को समय लगेगा बिजली पहुंचाने में, तार और तमाम इंतजाम लगाने में। कम से कम ऐसा हो जाये कि उनको सोलर एनर्जी से थोड़ा पंखा और लाइट का इंतजाम हो जाये। मैंने उस समय उनको जानकारी भी दी कि उत्तर प्रदेश उस दिशा में काम कर रहा है। हम लोहिया आवास में सोलर पैनल दे रहे हैं, उन्होंने उस समय इच्छा जताई कि आप ऐसा भी करो, कोई एक गांव पूरा का पूरा सोलर एनर्जी से ऑफ ग्रिड करना। उस समय मैंने कहा कि अगर मैं कर दूं तो आप जब तक नहीं आयेंगे तब तक उसका उद्घाटन नहीं होगा और मैंने कहा कि यदि मैं कर दूंगा तो आपको उद्घाटन पर आना पड़ेगा और फिर बहुत कम समय में कोशिश कर करके हम लोगों ने कन्नौज में क्योंकि कन्नौज का क्षेत्र मैंने इसलिये चुना क्योंकि वहां लोग मेरा कहना मान जायेंगे। अगर ग्राम सभा की जमीन होगी उनसे लेनी पड़ेगी तो वे मान जायेंगे इसलिये मैंने वहां सरकारी जमीन चिन्हित की और दो ऐसे गांव चिन्हित किये ताकि कोई मुझ पर आरोप न लगा पाये कि कहीं ऐसा तो नहीं कि समाजवादी गांव में आपने बिजली लगवा दी हो, इसलिये दो गांव मैंने चिन्हित किये जो सबसे गरीब गांव थे। अभी हाल ही में एक स्टोरी भी निकली है अखबार में, गांव के लोग कहते थे कि अंधियारा है ये गांव, उन गांवों को चिन्हित किया और इतने बड़े पैमाने पर देश में कहीं ऑफ ग्रिड सोलर पावर प्लाण्ट नहीं लगा होगा। उन दो गांवों में मैंने दे दिया और 24 घण्टे बिजली उन लोगों को उपलब्ध करा दी सोलर पैनल से। उसका उद्घाटन ए0पी0जे0 कलाम साहब ने किया, बहुत खुश थे और उन्होंने अपने भाषण में जो बातें

रखीं उसके बाद उन्होंने शपथ दिलाई कहा कि मैं सबको शपथ दिलाता हूं जिस कार्यक्रम में जाता हूं, क्या सब शपथ लेने के लिये तैयार हैं तो सभी लोग तैयार हो गये और उन्होंने शपथ दिलाई। हालांकि उनकी शपथ अंग्रेजी में थी। मा0 अध्यक्ष जी, अगर आपकी अनुमति हो तो मैं वह शपथ अंग्रेजी में पढ़ सकता हूं और जो लिखने वाले लोग हैं वे चाहें मुझसे बाद में ले लेना, मैं उनको इसकी कॉपी दे दूंगा। उन्होंने ओथ दिलाई और कहा कि चिल्ड्रेन आर आवर प्रेशियस वेल्थ वी विल गिव ईक्वेल इर्म्पोटेन्स फार मेल एण्ड फीमेल चिल्ड्रेन विद प्रोवाइडिंग एजूकेशन एण्ड राइट्स फार ग्रोथ आफ अवर सोसाइटी फार हेल्थ एण्ड प्रास्पेरीटी वी विल हैव ए स्माल फैमिली अरनिंग कम आउट आफ हार्ड वर्क वी विल नाट वेस्ट इट इन गेमबलिंग एण्ड लीकर वी नीड टू टेल अवर चिल्ड्रेन अबाउट द इम्पार्टेन्स आफ एजूकेशन एस लर्निंग्स गिव्स नालेज एण्ड नालेज मेक्स दि चिल्ड्रेन सक्सीड वी नीड टू ज्वाइन्टली प्रोटेक्ट अवर फारेस्ट एण्ड प्रिवेन्ट पल्यूशन वी विल प्लाण्ट एट लीस्ट फाइव ट्रीज सैम्पलिंग वी विल बीकम द रोल माडल्स फार अवर चिल्ड्रेन ये शपथ उन्होंने दिलाई थी। आज हम लोगों ने एक बहुत बड़े नेता को, देश के एक बहुत लोकप्रिय राष्ट्रपति को खोया है जो मिसाइल मैन के नाम से जाने जाते थे। वैज्ञानिक, भारत रत्न और जो गरीब, गांव और बच्चों के प्रति बहुत लगाव रखते थे। नई जनरेशन के लोग कैसे समाज के प्रति जाने उन बातों को वह हमेशा रखते थे। उन्होंने देश को बहुत कुछ दिया है। अपनी मेहनत से भी रिसर्च इंस्टीट्यूट में जब भी रहे वह डी0आर0डी0ओ0, इसरो में बहुत कुछ दिया है उन्होंने। देश ने उनको पहचाना, देश में इतने लोकप्रिय रहे। मैं समझता हूं कि ऐसे लोग कभी–कभी आते हैं धरती पर। ऐसे महान ए0पी0जे0 कलाम साहब को मैं अपनी तरफ से याद करता हूं, श्रद्धांजलि देता हूं। मैं अपने तमाम सहयोगी माननीय सदस्यों हैं, उनकी तरफ से भी। मैं, जो बहुजन समाज पार्टी के नेता हैं और इस पूरे सदन की तरफ से उन्हें याद करता हूं श्रद्धांजलि देता हूं और उनके जो कोड्स थे। मैं केवल दो कोड्स कहना चाहूंगा की उनकी सोच क्या थी। पहला कोड तो यह कि उन्होंने कहा कि ''अगर सूरज जैसा बनना है तो सूरज जैसा जलना भी इंसान को सीखना चाहिए'' और वहीं एक दूसरी बात उन्होंने कही, ये किसी कोड में जो बात मुझ तक आयी मैंने उसको पढ़ा उन्होंने कहा कि ''मैंने एक बार कोशिश की कि गौरैया को पाल लूं लेकिन गौरैया मुझे छोड़कर चली गई, फिर उन्होंने कहा कि मैंने कोशिश की कि मैं गिलहरी को पाल लूं, लेकिन गिलहरी भी मुझको छोड़ कर चली गई। लेकिन कुछ दिनों के बाद मैंने पेड़ लगा दिया और पेड़ लगाने के बाद यह हुआ कि गौरैया भी वापस आ गई और गिलहरी भी वापस आ गई।'' ऐसे इंसान की सोच के लिए हम उनको नमन करते हैं, उनको याद करते हैं। ऐसे लोग कभी–कभी धरती पर आते हैं, जिनके रास्ते पर चलने का हम लोगों को संकल्प लेना चाहिए। मैं सदन की तरफ से, बी0एस0पी0 के नेता जी की तरफ से, बी0जे0पी0 के नेता जी की तरफ से, कांग्रेस के नेता जी की तरफ से और सदन के हमारे दादा उनकी तरफ से और खास आप की तरफ से कि जिन्होंने एक संदेश कम से कम सदन से एक यह देने का काम किया कि ए0पी0जे0 कलाम साहब जो देश के थे, जाति–धर्म सबसे ऊपर थे। उन्हें जाति और धर्म से कोई नहीं पहचान रखता था, ऐसे व्यक्तित्व को आपने श्रद्धांजलि देने को,

याद करने को इस सदन से आपने संदेश देने का काम किया। मैं स्पीकर साहब आपका बहुत–बहुत आभारी हूं, बहुत–बहुत धन्यवाद देता हूं।

(मेजों की थपथपाहट)

श्री अध्यक्ष–

इसमें मेज नहीं पीटी जाती है।

नेता विरोधी दल (श्री स्वामी प्रसाद मौर्य)–

माननीय अध्यक्ष जी, माननीय नेता सदन माननीय मुख्य मंत्री जी, माननीय नेता, भारतीय जनता पार्टी, माननीय नेता, कांग्रेस भारतीय राष्ट्रीय और माननीय नेता, राष्ट्रीय लोकदल तथा सभी सदस्यगण। माननीय अध्यक्ष जी, सबसे पहले पूर्व राष्ट्रपति डॉ0 ए0पी0जे0 अब्दुल कलाम के निधन पर माननीय मुख्य मंत्री जी ने जो शोक संवेदना व्यक्त की है, मैं उससे अपने को सम्बद्ध करता हूं। कलाम साहब पूरे देश के लिए एक ऐसे नायाब तोहफे के रूप में हमें मिले थे, जो सदैव हर क्षेत्र में हमारा और हमारे राष्ट्र का मार्ग दर्शन करते रहे हैं। यहां तक की उसी मार्ग–दर्शन की श्रृंखला में 27 जुलाई को जब उनका निधन हुआ उस समय भी शिलांग में आई0आई0एम0 के छात्रों को अपने सम्बोधन के माध्यम से राष्ट्र को उन्नति और प्रगति के शिखर पर ले जाने के लिए संदेश दे रहे थे और मान्यवर, सम्बोधन करते–करते जिस प्रकार से एक कर्मयोगी अपनी अन्तिम सांस तक अपने उत्तरदायित्वों, कर्तव्यों का निर्वहन करते हुए एक–एक सांस को समर्पित करता है, उसी प्रकार से डा0 कलाम साहब ने भी अपनी अन्तिम सांस इस राष्ट्र की सेवा में लगाई। माननीय अध्यक्ष जी, डा0 अब्दुल कलाम साहब कोई सामान्य व्यक्ति नहीं थे। प्रायः देखा जाता है कि कुर्सी से व्यक्ति की पहचान होती है लेकिन डा0 कलाम साहब एक ऐसे व्यक्ति थे जिनकी पहचान डा0 कलाम साहब नाम से होती थी और कुर्सी की गरिमा डा0 कलाम साहब जैसे विद्वानों से सजा करती थी। मान्यवर, सभी माननीय सदस्यों ने उनका जीवन परिचय उनके निधनोपरान्त, जब विस्तार से आया था तब बहुत सी जानकारियां ली होंगीं। बहुत ही अत्यन्त गरीब परिवार से निकल कर उन्होंने न केवल शिखर की ऊचांई को प्राप्त किया बल्कि अपने नाम के साथ–साथ इस राष्ट्र को भी उन्नत शिखर पर पहुंचाने का काम किया है। विज्ञान के क्षेत्र में उनका जो कीर्तिमान रहा है, जिस प्रतिभा ने उन्हें मिसाइल मैन आफ इण्डिया की उपाधि दी है, भारत के मिसाइल मैन के रूप में जो उन्होंने अपनी पहचान छोड़ी है, उसके पीछे उनकी वैज्ञानिक सोच और पहचान है जिसको न केवल भारत ने बल्कि दुनिया ने समझा। माननीय अध्यक्ष जी, शायद परिवार के लोगों ने यहां तक कि डा0 कलाम साहब ने भी कभी नहीं सोचा होगा कि इस गरीब परिवार से निकला हुआ एक लड़का कभी विश्व का जाना–माना वैज्ञानिक बनेगा, देश का राष्ट्रपति बनेगा लेकिन तमाम गरीबी, मुसीबत, दुख, तकलीफ सब कुछ झेलते हुए उन्होंने पीछे कभी मुड़कर नहीं देखा। निरन्तर आगे बढ़ते रहे, उनके जीवन की कहानी ही हमारे लिए प्रेरणा स्रोत है और मान्यवर, डा0 कलाम साहब बहुआयामी प्रतिभा के धनी थे। महान वैज्ञानिक थे, विज्ञान के क्षेत्र में पराकाष्ठा पर थे, इसके बावजूद इससे हटकर भी उनका राष्ट्र के लिए सदैव एक महान योगदान रहा है।

चाहे रक्षा मंत्रालय के विज्ञान सलाहकार के रूप में या डी0आर0डी0ओ0 के सचिव के रूप में और उसके बाद देश के एक राष्ट्रपति के रूप में। इसके साथ ही साथ प्रायः सबने देखा होगा हमने भी इस बात का बहुत गम्भीरता से अध्ययन किया कि कुछ लोग राष्ट्रपति पद से हटने के बाद जीते जी समाज से गायब हो जाते हैं लेकिन डा0 कलाम साहब एक ऐसे महान व्यक्ति थे जो अपनी अंतिम सांस तक सदैव उंचाइयों की पराकाष्ठा पर छाये रहे और उनकी विलक्षण प्रतिभा पूरे देश को रोशन करती रही। माननीय अध्यक्ष जी, डा0 कलाम साहब प्रकृति और साहित्य प्रेमी भी थे क्योंकि प्रकृति और साहित्य प्रेमी ही कवि बन सकता है, लेखक बन सकता हैं। कवि और लेखक की भी उनमें प्रतिभा थी। तमाम पुस्तकों का लेखन भी किया तमाम कवितायें रचनाओं के रूप में भी उनकी आज हैं जो इस बात का प्रतीक हैं कि हर विधाओं में आगे थे कवि भी थे, लेखक भी थे, वैज्ञानिक भी थे, राष्ट्रपति भी थे और उससे भी बढ़करके हम सब के लिए प्रेरणाश्रोत थे। माननीय अध्यक्ष जी, दुनिया के तमाम देशों ने भी उनके निधन पर अपना राष्ट्रीय ध्वज झुका करके श्रद्धासुमन अर्पित किया। वह सदैव हमारे लिये एक गौरव रहे, धरोहर रहे, प्ररेणाश्रोत रहे। मान्यवर, हमने डा0 कलाम साहब के निधन से एक महान वैज्ञानिक राष्ट्रवादी विचारक, प्रेरणाश्रोत और साथ ही साथ निर्विवाद, सर्वमान्य और उर्जावान राष्ट्रपति तथा बहुआयामी प्रतिभा का व्यक्तित्व खोया है जिसकी भरपाई भविष्य में शायद सम्भव न हो इसके लिए मैं बहुजन समाज पार्टी की ओर से, समूचे विपक्ष की ओर से, सदन में उपस्थित सभी माननीय सदस्यों की ओर से ऐसी महान विभूति को जो आज हमारे बीच में नहीं हैं, श्रद्धासुमन अर्पित करते हैं और मान्यवर, अनुरोध भी करते है कि यह संदेश यहां से इस विधान सभा से पूरे देश को जाना चाहिए कि उत्तर प्रदेश की विधान सभा ने अपने शोक प्रस्ताव के माध्यम से महामहिम पूर्व राष्ट्रपति के रूप में डा0 कलाम साहब को श्रद्धासुमन अर्पित किया है।

श्री सुरेश कुमार खन्ना–

माननीय अध्यक्ष जी, माननीय नेता सदन, माननीय नेता विरोधी दल, माननीय नेता कांग्रेस, माननीय नेता लोकदल तथा इस सदन के सभी माननीय सदस्यगण, मान्यवर, ऐसी मान्यता है कि तीन प्रकार के लोग इस दुनिया में होते हैं। एक वह लोग जो महान पैदा होते हैं, एक वो लोग जो अपने कर्म और पुरुषार्थ से महान बनते हैं और तीसरे वह लोग जिनके ऊपर महानता थोपी जाती है। मान्यवर, माननीय ए0पी0जे0 अब्दुल कलाम साहब उस श्रेणी में आते हैं कि जो अपने कर्म और पुरुषार्थ से महान बने। उन्होंने 15 अक्टूबर, 1931 को एक गरीब परिवार में रामेश्वरम् में जन्म लेकर अभाव को झेलते हुए बहुत दुर्गति में अपनी प्रारम्भिक शिक्षा प्राप्त करके अपना कैरियर एक वैज्ञानिक के रूप में शुरू किया था। डी0आर0डी0ए0 इसरो से जुड़ने के बाद उन्होंने जो उपलब्धियां हासिल की, उसके परिणामस्वरूप उनको वर्ष 1981 में पद्मभूषण सम्मान तथा वर्ष 1997 में भारत रत्न की उपाधि से सम्मानित किया गया और मान्यवर वर्ष 2002 में वह इस देश के राष्ट्रपति बने। माननीय अटल जी की सरकार में उनको आफर किया गया था कि वह मंत्री बन जाये, लेकिन उनके सामने जो लक्ष्य था उस लक्ष्य को उन्होंने प्राथमिकता देते हुए अपनी टीम के साथ रात में विचार–विमर्श किया और उसके बाद

सुबह उन्होंने मना कर दिया। उन्होंने दो बातों को आधार बनाकर मना किया। उन्होंने कहा कि उन्हें अग्नि मिसाइल लक्ष्य पूरा करना है और परमाणु उर्जा से संबंधित जो अधूरा काम था उसको पूरा करना है। मान्यवर, 25 जुलाई, 2002 से 2007 तक कलाम साहब भारत के राष्ट्रपति रहे और उन्होंने उस पद की गरिमा बढ़ाई जिस पद को उन्होंने सुशोभित किया था। मान्यवर, मैं विशेष रूप से कहना चाहता हूं कि कुछ लोग इतिहास बनाते हैं अपने कर्मो से, अपनी योग्यता से और अपनी कर्मठता से। आदरणीय कलाम साहब इसी श्रेणी के व्यक्ति थे। उन्होंने एक स्थान पर कहा था कि विफलता नाम की बीमारी की एक ही दवा है कि आत्मविश्वास के साथ कड़ी मेहनत करें। एक अन्य स्थान पर उन्होंने कहा था कि 'चलो हम आज अपना कुर्बान करते हैं, कल के बच्चों के भविष्य के लिए।' वैसे तो उनके तमाम वाक्य हम सूक्ति के रूप में स्वीकार करते हैं, लेकिन वास्तव में एक उदाहरण देकर उन्होंने कहा था कि जिस समय बारिश होती है उस समय तमाम लोग आश्रय स्थल ढूंढते हैं, लेकिन तमाम वर्षा के बावजूद चील बादलों को चीरकर अपने गंतव्य स्थल पर जाना चाहती है। इस प्रकार बहुत से उनके आदर्श वाक्य हैं जिन्हें यदि हम अपने जीवन में उतार लें तो हम भी किसी न किसी रूप में उपलब्धि हासिल कर सकते हैं। हम ऐसे महान व्यक्तित्व को आज श्रद्वासुमन अर्पित करते हैं। आदरणीय कलाम साहब ने जो जीवन शैली एडाप्ट की थी, जो उन्होंने रास्ता चुना था और जो उन्होंने विचार दिये थे, अगर उनको हम अपने जीवन में उतार लें, तो निश्चित ही इससे हम वो न बन सके लेकिन उस स्थिति तक पहुंचने के लिए कम से कम चेष्टा तो कर सकते हैं। मैं आपको दिल से बधाई देता हूं कि आपने आज के दिन पूरे सदन का कामकाज रोककर आदरणीय कलाम साहब को श्रद्वासुमन अर्पित करने और विशेष रूप से उनके व्यक्तित्व पर चर्चा करने का हमें अवसर दिया है। इस अवसर पर मैं माननीय मुख्य मंत्री जी से यह अनुरोध करना चाहता हूं कि प्रदेश में कोई नया प्रतिष्ठान अथवा शिक्षण संस्थान जब यहां पर स्थापित किया जाये तो आप उसको आदरणीय कलाम साहब के नाम से करें, उनके नाम के साथ उसको जोड़कर रखेंगे तो कम से कम हर वर्ष हम 27 जुलाई को उनकी पूण्य तिथि के अवसर पर या 15 अक्टूबर को उनके जन्मदिन पर उनको याद करते रहेंगे और उनके बताये हुए मार्ग पर हम किसी न किसी रूप से नई पीढ़ी को अनुकरण करने की शिक्षा देते रहेंगे। मैं समझता हूं कि यह सबसे बड़ी श्रद्वांजलि होगी। मान्यवर, मैं आपसे अनुरोध करता हूं कि हमारी शोक संवेदनायें, हमारे दल की शोक संवेदनायें उनके परिवार तक पहुंचाने की कृपा करें। मैं एक बार फिर से उस महान शख्सियत को प्रणाम करते हुये अपनी वाणी को विराम देता हूं, बहुत–बहुत धन्यवाद।

श्री प्रदीप माथुर–

माननीय अध्यक्ष जी, माननीय नेता सदन, माननीय नेता प्रतिपक्ष, माननीय नेता, भारतीय जनता पार्टी, माननीय नेता, लोकदल और इस सदन के सभी सम्मानित सदस्यगण। आज ए0पी0जे0 अब्दुल कलाम साहब हमारे बीच में नहीं हैं। एक ऐसी शख्सियत को हमने खोया, जिसे देश ही नहीं, पूरी दुनिया याद करती है। स्वर्गीय ए0पी0जे0 अब्दुल कलाम साहब के साथ, गुदड़ी में भी लाल पैदा होते हैं, जो हमारी

कहावत है, वह चरितार्थ होती है। एक बहुत ही साधारण से परिवार में पैदा होकर वह उस मुकाम तक पहुंचे, जिस मुकाम पर पहुंचना आसान नहीं होता। एक प्राइमरी स्कूल में पढ़कर उन्होंने मद्रास इंस्टीट्यूट आफ टेक्नालोजी से अंतरिक्ष विज्ञान में इंजीनियरिंग का कोर्स किया और उसके बाद उन्होंने पीछे मुड़कर नहीं देखा। डी0आर0डी0ओ0, इसरो जैसे संस्थानों में जाकर उन्होंने ख्याति अर्जित की और मिसाइल मैन के नाम से वह जाने गये। वह एक बहुत ही लोकप्रिय राष्ट्रपति थे और राष्ट्रपति के बाद भी जितनी प्रतिष्ठा उन्होंने हासिल की, वह बिरलों को ही मिलती है। वह बच्चों में बहुत लोकप्रिय थे और छात्रों में भी बहुत लोकप्रिय थे। यह आप सबको ज्ञात ही है कि उन्होंने शिलांग में आई0आई0एम0 के छात्रों को संबोधित करते हुये अपना शरीर त्यागा, इससे बड़ी बात और क्या हो सकती है। ऐसी आत्मायें बड़ी मुश्किल से इस दुनिया में पैदा होती हैं। उन्हें किसी भी बात का लालच नहीं था। उन्हें वर्ष 1981 में पद्म विभूषण दिया गया, 1997 में भारत रत्न एवार्ड दिया गया। वह इतने पापुलर थे कि जब वह वर्ष 2005 में स्विटजरलैंड गये, तारीख 26 मई को, तो स्विटजरलैंड के लोगों ने उस दिन को विज्ञान दिवस घोषित किया था। इसी तरह से नेशनल स्पेस सोसाइटी ने भी उन्हें एवार्ड दिया। तो एक लम्बी फेहरिस्त उनके एवार्ड की है। यदि आप उनके डाक्टरेट्स की फेहरिस्त देखें तो कितनी डाक्टरेट्स उन्होंने हासिल की। आज वह हमारे बीच में नहीं हैं, हम लोगों को उनके न होने का दुख है परन्तु उनका सारा जीवन एक प्रेरणा का स्रोत रहेगा। हम लोगों को उनके जीवन से बहुत कुछ सीखने को मिलता है और आगे भी मिलता रहेगा। वह इस देश के भविष्य के लिये एक आइकॉन साबित होंगे और बच्चे भी उनको ऐसे ही याद करेंगे जैसे चाचा नेहरू को बच्चे याद किया करते हैं। आज बच्चों के बीच में वह नहीं हैं तो बच्चों को भी पीड़ा है कि आज हमारे बीच ए0पी0जे0 अब्दुल कलाम साहब नहीं हैं। मुझे भी उनसे मिलने का मौका मिला और हम अपने को सौभाग्यशाली मानते हैं कि उनके इलेक्शन में हमारा वोट भी पड़ा था, आज हम लोग उनको अपने बीच में न पाकर बहुत दुःखी हैं। माननीय अध्यक्ष जी, हम चाहेंगे कि हमारे और हमारे दल की शोक संवेदना उनके परिवार तक पहुंचाये, धन्यवाद।

श्री दलवीर सिंह–

माननीय अध्यक्ष जी, माननीय नेता सदन, माननीय नेता, प्रतिपक्ष, माननीय नेता, भारतीय जनता पार्टी, माननीय नेता, भारतीय राष्ट्रीय काग्रेंस। सभी ने अपने–अपने ढंग से उनके जीवन परिचय, उनके कर्तव्य, उनके व्यक्तित्व के संबंध में बहुत विस्तार से प्रकाश डाला। माननीय मुख्य मंत्री जी ने उनके साथ रहने के संस्मरण यहां पर बताये। नेता, सदन ने बहुत अच्छे ढंग से उनकी जीवन शैली पर प्रकाश डाला। माननीय खन्ना जी और माननीय नेता, कांग्रेस ने भी उनके बारे में विस्तार से बताया। मैं अपने आपको इन सभी के विचारों से सम्बद्व करते हुये केवल एक ही बात कहना चाहता हूं कि उन्होंने जीवन भर इस देश को विज्ञान के क्षेत्र में, अपने अनुभव के क्षेत्र में दिशा–निर्देश दिया और काम किया। अंतिम सांस जहां वह ले रहे थे, वहां भी एक संस्थान में वह किसी न किसी को शिक्षा ही दे रहे थे। अपनी अंतिम सांस तक वह लोगों को शिक्षा देते रहे, यह देश उनका ऋणी है, यह समाज ऋणी है, वही इस दुनिया में एक ऐसे व्यक्तित्व के धनी

व्यक्ति पैदा हुए हिन्दुस्तान में जिन्होंने न तो अपने परिवार के किसी व्यक्ति की सेवा ली और न ही इस देश का एक पैसा अन्तिम सांस तक अपने ऊपर खर्च कराया। हम, आप और पूरा देश उनका ऋणी है। ऐसे व्यक्ति की जितनी भी सराहना की जाए वह कम है। मा0 खन्ना जी ने बहुत अच्छा प्रस्ताव रखा था और शायद मा0 मुख्य मंत्री जी ने पहले ही उसकी घोषणा कर दी है कि उनके नाम से किसी संस्थान का नाम दे दिया है, इसके लिए हम मा0 मुख्य मंत्री जी को धन्यवाद देते हैं। इस सदन की ओर से जितने भी श्रद्धासुमन अर्पित किये जा सकते हैं वह कम हैं। मैं अपनी ओर से और अपने दल की ओर से ऐसे महान व्यक्ति के लिए श्रद्धांजलि अर्पित करता हूं और आपसे निवेदन करता हूं कि हमारी श्रद्धांजलि उनके परिवार तक और पूरे देश और समाज तक पहुंचा दी जाए।

श्री अध्यक्ष–

भारत रत्न पूर्व राष्ट्रपति डा0 ए0पी0जे0 अब्दुल कलाम का 27 जुलाई, 2015 को निधन हो गया। वे लगभग 84 वर्ष के थे।

मिसाइल मैन और जनता के राष्ट्रपति के रूप में लोकप्रिय हुए डा0 अब्दुल कलाम का जन्म 15 अक्टूबर, 1931 को तमिलनाडु के रामेश्वरम् में हुआ था। उन्होंने मद्रास इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी से स्नातक करने के बाद भौतिकी और एयरोस्पेस इंजीनियरिंग का अध्ययन किया था। अपने कठोर परिश्रम, दृढ़ निश्चय और शिक्षा से वे भारत के अन्तरिक्ष और मिसाइल कार्यक्रम के मुख्य प्रेरणास्रोत बने तथा देश के सर्वोच्च पद पर आसीन हुए। वे वर्ष 2002 से 2007 तक भारत के 11वें राष्ट्रपति रहे। असाधारण प्रतिभा सम्पन्न डा0 कलाम ने उच्च संवैधानिक मूल्यों और आदर्शों के प्रति अपनी प्रतिबद्धता से भारत के राष्ट्रपति के महान पद की प्रतिष्ठा और गरिमा बढ़ाई। उन्होंने रक्षा अनुसंधान और विकास संगठन तथा भारतीय अन्तरिक्ष अनुसंधान संगठन में वैज्ञानिक और विज्ञान प्रशासक के रूप में चार दशकों तक कार्य किया। वे भारत के असैन्य अन्तरिक्ष कार्यक्रम और सैन्य मिसाइल विकास प्रयासों से अभिन्न रूप से जुड़े रहे। उन्होंने वर्ष 1974 में भारत द्वारा किये गये पहले परमाणु परीक्षण के पश्चात् वर्ष 1998 में किये गये भारत के 'पोखरण–प्प' परमाणु परीक्षण में मुख्य भूमिका निभाई। उन्हें भारत के वैज्ञानिक अनुसंधान और रक्षा प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में बहुमूल्य योगदान के लिए वर्ष 1997 में भारत रत्न तथा अनेक प्रतिष्ठित पुरस्कारों से सम्मानित किया गया।

डा0 ए0पी0जे0 अब्दुल कलाम के निधन से देश ने एक महान वैज्ञानिक, सच्चा राष्ट्रवादी, लाखों युवाओं के प्रेरक तथा श्रेष्ठ व्यक्ति को खो दिया है।

डा0 अब्दुल कलाम के निधन से आज पूरा सदन शोकाकुल है। मैं अपनी ओर से तथा पूरे सदन की ओर से ईश्वर से प्रार्थना करता हूं कि वह दिवंगत आत्मा को शान्ति प्रदान करे तथा उनके शोक–संतृप्त परिवार को इस गहन दुःख को सहन करने की शक्ति प्रदान करे। मैं इस सदन में व्यक्त शोक संवेदनाएं मृतक के शोकाकुल परिवार तक पहुंचा दूंगा। अब हम दिवंगत आत्मा की शान्ति के लिए दो मिनट का मौन रखेंगे।

(सभी सदस्य दो मिनट के लिये अपने–अपने स्थान पर मौन खड़े हुए)

श्री अध्यक्ष–

कृपया आसन ग्रहण करें।

अब हम उठते हैं दिनांक 17 अगस्त, 2015 दिन सोमवार को पुनः 11.00 बजे मिलेंगे।

(इसके बाद सदन का उपवेशन 11 बजकर 42 मिनट पर सोमवार, 17 अगस्त, 2015 के दिन के 11.00 बजे तक के लिये स्थगित हो गया।)

लखनऊ :

दिनांक 14 अगस्त, 2015

प्रदीप कुमार दुबे,

प्रमुख सचिव, विधान सभा,

उत्तर प्रदेश।

पी0एस0यू0पी0–एल0 142 विधान सभा (258)–15–10–2015–813 प्रतियां (कम्प्यूटर/आफसेट)।